RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 31 अक्टूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 201 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# माहिम में राज ठाकरे के बेटे अमित का समर्थन करेगी बीजेपी

## शिंदे के रुख पर बोले देवेंद्र फडणवीस

मुंबईः महाराष्ट्र में नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद बीजेपी के नेता और डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने साफ किया है कि बीजेपी माहिम सीट पर राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहती है। फडणवीस ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब माहिम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना से सदा सरवणकर मैदान में हैं। फडणवीस ने बुधवार को कि इसका समाधान ढूंढने के प्रयास किए जाएंगे। शिवसेना के कैंडिडेट और मौजूदा विधायक सदा सरवणकर ने नामांकन के दौरान कहा था कि यहां से हमेशा धनुष बाण जीता है। यहां से महायुति ही जीतेगी। किसी को हिम्मत भी विद ड्रा करने के लिए कहने की नहीं होनी चाहिए।



**फडणवीस बोले, बागियों को मनाएंगे**

बीजेपी नेता फडणवीस ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अपने ज्यादातर बागियों को नामांकन वापस लेने के लिए मनाने की कोशिश करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में कुछ सीट पर दोस्ताना मुकाबला होगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सरवणकर को मैदान में उतारा है, जबकि महेश सावंत मुंबई में इस सीट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार हैं।

राज ठाकरे की मनसे, महायुति का हिस्सा नहीं है, जिसमें बीजेपी, शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है, लेकिन इस वर्ष की शुरूआत में हुए लोकसभा चुनाव में इसने सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन किया था। फडणवीस ने कहा कि बीजेपी और मुख्यमंत्री शिंदे के बीच माहिम विधानसभा क्षेत्र में मनसे उम्मीदवार अमित ठाकरे, जो पहली बार चुनावी मैदान में हैं का समर्थन करने पर एक सहमति बनी थी। फडणवीस ने कहा कि हालांकि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेताओं ने तर्क दिया कि अगर पार्टी चुनाव नहीं लड़ती है, तो उसके मतदाता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की ओर चले जाएंगे। बीजेपी अमित का समर्थन करने के लिए तैयार थी और अभी भी अपने रुख पर अडिग है। इस उलझन के समाधान के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जब हम (महायुति के नेता) मिलेंगे, तो हम चर्चा करेंगे और समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

# निर्वाचन आयोग के आदेश पर महाराष्ट्र में 260 पुलिसकर्मियों का तबादला...

## महकमे में हड़कंप !

**राज्य में 20 नवंबर को होगा मतदान...**




**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। अपने गृह जिलों में तीन साल से अधिक समय से पदस्थ पुलिसकर्मियों पर निवार्चन आयोग का चाबुक चला है। बुधवार को महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के 260 से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को 260 से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया, जिनमें मुंबई के 150 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया था, जो तीन वर्ष से अधिक समय से अपने गृह जिलों में सेवारत या वर्तमान पदस्थापन पर हैं। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ निरीक्षकों सहित मुंबई के लगभग 150 पुलिस अधिकारियों को गडचिरोली, गोंदिया, भंडारा, नागपुर और वाशिम सहित विभिन्न जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई, मीरा भायंदर और वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के कुछ अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों के पुलिस अधिकारियों को मुंबई में तैनात किया गया है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट में से 36 सीटें मुंबई में हैं।

**राज्य में 20 नवंबर को होगा मतदान**

निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर क महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों की चुनाव की तारीखों को ऐलान किया था। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। 29 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन था। ऐसे में सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है।

# ठाणे में मामूली विवाद में व्यक्ति की हत्या !

## आरोपी दो सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमने को लेकर हुए विवाद में 37 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। हत्या के इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक निर्माण स्थल के दो सुरक्षा गार्ड को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार सुबह कल्याण इलाके में स्मार्ट सिटी परियोजना निर्माण स्थल के पास हुई। एमएफसी थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि निर्माण स्थल पर तैनात दोनों गार्ड ने व्यक्ति के यहां घूमने पर आपत्ति जताई थी। इस बात से व्यक्ति नाराज हो गया और उन लोगों में विवाद होने लगा।




यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर उस व्यक्ति को उठाकर फर्श पर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारी ने बताया की घटना की जांच करते हुए पुलिस की टीम ने कई सुरागों के आधार पर काम किया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### शुभ और समृद्धि का संदेश...

दीपावली एक ऐसा अनूठा उत्सव है, जिसकी छटा सर्वत्र देखने को मिलती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि यह हमारा सबसे बड़ा पर्व है। अब तो यह दुनिया भर में मनाया जाने लगा है- न केवल भारतवंशियों की ओर से, बल्कि विभिन्न देशों के लोगों की ओर से भी। एक तरह से दीप पर्व भारतीयता के प्रसार का सबसे प्रभावी प्रतीक बनकर उभरा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि इस अवसर पर सबके सुख की कामना की जाती है- वह चाहे जिस जाति, पंथ, नस्ल या राष्ट्रीयता का हो।

दीपावली का यही संदेश उसे विश्व स्तर पर तेजी से लोकप्रिय बना रहा है। यह संदेश जितना फैलेगा, विश्व में सुख, शांति और सद्भाव उतना ही बढ़ेगा। प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति में मनाए जाने वाले इस पर्व का इस बार इसलिए विशेष महत्व है, क्योंकि सदियों बाद यह पहली बार है, जब अयोध्या में श्रीराम के बाल स्वरूप का भव्य मंदिर निर्मित हो गया है और वह उसमें विराजमान हो चुके हैं। इस दिन के लिए लंबी प्रतीक्षा की गई। प्रकाश पर्व की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि इसे मनाने के लिए हर कोई अपनी सामर्थ्य भर व्यापक तैयारियां करता है, बल्कि इसलिए भी है कि यह सबमें आनंद और उल्लास भरता है। यह जीवन की एकरसता को तोड़ता है और हमें हमारी हजारों वर्ष परंपराओं से जोड़ते हुए यह संदेश देता है कि हम एक प्राचीन राष्ट्र हैं और हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है और उसे संभालकर भी रखना है। दीपावली केवल प्रकाश का ही पर्व नहीं है, यह सुख, समृद्धि और वैभव की महत्ता को रेखांकित करने वाला का भी एक बड़ा और अनूठा आयोजन है। इस अवसर पर हम अपने और अपनों के साथ दूसरों के भी कल्याण की कामना करते हैं, क्योंकि यही हमारी संस्कृति का मूल भाव है। इस भाव को बनाए रखना हम सबका साझा उत्तरदायित्व है। चारों ओर शुभ का प्रकाश फैले, सभी का कल्याण हो, हर तरह का अंधकार मिटे और सबके जीवन में खुशियां भर जाएं, यह केवल हमारी अभिलाषा ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसके लिए हमें अपने-अपने स्तर पर प्रयत्न भी करने चाहिए। दीपावली यह अच्छे से बताती है कि मगंलकारी जीवन का एक आधार समृद्धि है, लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ नेता और उनके समर्थक इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि समृद्ध होना बुरी बात है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में रंगबिरंगी लाइटों पर भड़क गए मनसे चीफ

## सीएम मुंबई को बना रहे हैं डांस बार - राज ठाकरे



**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अकेले किस्मत आजमा रहे महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स को लेकर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। राज ठाकरे ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि सीएम एकनाथ शिंदे मुंबई को रोशनी के साथ डांस बार में बदल रहे हैं। उन्होंने शहर में गैर जरूरी लाइटिंग किए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। जिस रोशनी को कोई तुक ही नहीं है।

**मुंबई को लेकर साधा निशाना**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज ठाकरे ने कहा कि यह मुंबई है या फिर डांस बार। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने एकनाथ शिंदे सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सीएम मुंबई को डांस बार में बदल रहे हैं। मनसे चीफ ने कहा कि मुंबई को सौंदर्यपूर्ण बदलाव की जरूरत है। मुंबई को बड़े संग्रहालयों, शैक्षिक संग्रहालयों, उद्यानों आदि की जरूरत है। शहर में सौंदर्यबोध की कमी है। राज ठाकरे ने कहा कि मैंने देखा है कि सीएम ने बिजली के खंभों सहित हर जगह रोशनी लगा दी है। राज ठाकरे ने आगे कहा कि यह शहर है या डांस बार?

**विकास को लेकर किया कटाक्ष**

राज ठाकरे ने पूछा कि अगर हर जगह लाइटें लगाई जाएंगी, तो क्या सरकार त्योहारों के दौरान उन्हें बंद कर देगी? उन्होंने सीएम शिंदे की आलोचना करते हुए कहा कि उनमें शहर को सही मायने में बेहतर बनाने की समझ नहीं है। ठाकरे ने राज्य में विकास पर भी टिप्पणी की। मनसे चीफ ने कहा कि जब कोई अन्य स्थानों पर जाता है, तभी उसे समझ में आता है कि शहर कैसे बनते हैं? उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास पर चर्चा घंटों तक चल सकती है, जिसमें वे राज्य के लिए क्या सोचते हैं और इसे और कैसे मजबूत किया जा सकता है, इस पर विचार किया जा सकता है।

**बीजेपी से होगा अगला सीएम**

जब उनसे पूछा गया कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बन सकता है, तो ठाकरे ने जवाब दिया, अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। मैं इसका कारण नहीं बता सकता, लेकिन मुझे ऐसा लगता है। मनसे चीफ राज ठाकरे ने कहा कि अगर उनसे पूछा जाए कि 2029 में महाराष्ट्र का नेतृत्व कौन कर सकता है, तो वे कहेंगे कि यह मनसे से कोई होगा।

# बकरीद पर सार्वजनिक कुबार्नी नहीं, तो दिवाली पर लाइटिंग भी नहीं,

## मुंबई की सोसायटी में बवाल...



**नवी मुंबई** : देशभर में दिवाली की धूम मची हुई है। लोग तरह-तहर की लाइट्स से अपने घरों और सोसायटी को सजाने में लगे हैं। वहीं, नवी मुंबई की पंचानंद सोसायटी में कुछ मुस्लिम परिवारों ने दीवाली पर हो रही लाइटिंग का विरोध कर दिया। लाइट जलने से पहले खूब हंगामा किया गया। सोसायटी के लोग बिल्डिंग पर लाइट्स लगा ही रहे थे इसी दौरान सोसायटी में रहने वाले दो लोगों ने लाइट्स को हटाने की मांग शुरू कर दी। वहां मौजूद महिलाओं के साथ गाली गलौच करने लगे। लाइट्स लगाने के दौरान हंगामा हुआ तो पुलिस आई लेकिन सवाल अपनी जगह पर बरकरार है कि क्या सोसायटी दिवाली में अंधेरे में रहेगी?

दरअसल, कुछ लोगों का तर्क है कि सोसायटी में हिंदू और मुसलमान दोनों समुदायों के लोग रहते हैं इसलिए अगर बकरीद पर सोसायटी में बकरा काटने पर पाबंदी लगाई जा सकती है तो कॉमन एरिया में दीवाली भी नहीं मनाई जाएगी। ये लोग इस बात पर अड़ गए कि कॉमन एरिया में ना तो दिवाली मनाने देंगे, न लाइट्स और फूल मालाएं लगने देंगे। हिन्दुओं ने इसका विरोध किया और लाइट्स लगाने की जिद की तो झगड़ा बढ़ गया। सोसायटी के लोगों का कहना है कि मुस्लिम परिवारों को बकरीद मनाने से किसी ने नहीं रोका था, सिर्फ सोसायटी के भीतर बकरा काटने से रोका गया था। हिन्दू परिवारों का कहना है कि सरकार ने सोसयाटीज में कुबार्नी पर रोक लगाई थी। कोर्ट के आदेश पर कुबार्नी के अलग जगह बनाई गई थी, इसके बाद भी चोरी छुपे रात में बकरे सोसायटी में लाए गए जो कानून के खिलाफ था इसलिए इसका विरोध हुआ था। लेकिन दीवाली पर इस तरह की कोई रोक नहीं है।

## सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी!



**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नयी धमकी दी। धमकी देने वाले व्यक्ति ने अभिनेता से दो करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी है। पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल रूम को आज एक गुमनाम संदेश मिला जिसमें सुपरस्टार सलमान खान को दो करोड़ रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। वर्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मुंबई पुलिस ने मंगलवार को सलमान खान और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता जीशान सिद्दीकी को धमकी देने वाले 20 साल के युवक मोहम्मद तैयब उर्फ गुफरान खान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया।

# भिवंडी में प्रेम प्रस्ताव को ठुकराने पर पड़ोसी ने की युवती की बेरहमी से हत्या !




**भिवंडी :** भिवंडी के भादवड गांव के कृष्णानगर क्षेत्र में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां 24 वर्षीय युवक ने 23 वर्षीय युवती को प्रेम प्रस्ताव ठुकराने के कारण बेरहमी से हत्या कर दी। युवती की बड़ी बहन को बचाने की कोशिश में उसकी छोटी बहन को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मृतका का नाम नितु भान सिंह है, जबकि आरोपी का नाम राजू महेंद्र सिंह बताया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उत्तर प्रदेश का निवासी है और मृतका नितु भी अपने परिवार के साथ भिवंडी में कृष्णानगर क्षेत्र के एक किराए के कमरे में रह रही थी। आरोपी और मृतका दोनों पड़ोसी थे। नितु ने आरोपी के प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। जिसके बाद 28 अक्टूबर की रात करीब 11:15 बजे राजू ने मौका पाकर नितु पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# 'हमारा हक छीनकर किसी और को दिया, खामियाजा...', किसका जिक्र कर आदित्य ठाकरे ने बीजेपी को घेरा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने केंद्र की बीजेपी और राज्य की महायुति सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने टाटा एयरबस परियोजना का जिक्र कर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में प्रोजेक्ट का रोड शो कर रहे हैं. यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में आना था और यहां के नौजवानों को रोजगार मिलना था लेकिन इसे गुजरात भेजा गया. यह महाराष्ट्र के साथ नाइंसाफी हुई है.'' आदित्य ठाकर ने कहा कि महाराष्ट्र के हजारों बेरोजगार नौजवानों के साथ बीजेपी सरकार ने गलत किया है, क्योंकि यहां का प्रोजेक्ट गुजरात ले जाया गया.



**'महाराष्ट्र के खिलाफ काम करते हैं देवेंद्र फडणवीस'- आदित्य ठाकरे**

वहीं, देवेंद्र फडणवीस पर हमला बोलते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, ''देवेंद्र फडणवीस नागपुर से आते हैं. हमें लगता था कि यह वह नागपुर में इस प्रोजेक्ट को लगाएंगे लेकिन उन्होंने इसे गुजरात भेजा. महाराष्ट्र में बीजेपी को अच्छा प्रोजेक्ट अच्छा नहीं लग रहा है. रतन टाटा की इच्छा देवेंद्र फडणवीस क्यों व्यक्त कर रहे हैं? अब वह नहीं हैं, लेकिन देवेंद्र फडणवीस विदर्भ से आते हैं और क्या वह नहीं चाहते कि नागपुर में यह प्रोजेक्ट आए?

वहीं, आदित्य ठाकरे ने आगे कहा, ''हमें पता है कि फडणवीस महाराष्ट्र के खिलाफ काम करते हैं लेकिन अब वह नागपुर के भी खिलाफ काम कर रहे हैं यह समझ में नहीं आ रहा. नागपुर के लोगों को पता है कि यह प्रोजेक्ट गुजरात चला गया है और इसका खामियाजा उन्हें इस चुनाव में भुगतना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें मालूम है कि देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे की सरकार में यह प्रोजेक्ट गुजरात गया.''

शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा, ''मैं देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे पर पहले से ही यह आरोप लगा रहा हूं कि महाराष्ट्र में जो भी कई प्रोजेक्ट यहां के बेरोजगार को खत्म कर सकते थे उन्हें गुजरात भेजा गया है. हमारे हक की चीज छीनकर किसी को ना दें. बेस्ट बस जनता के लिए सबसे अच्छी सेवा है, लेकिन यह 3337 बसों की आवश्यकता है.

# मनपा को दूसरे चरण में 504 सड़कों की कंक्रीटिंग के लिए मिली 'एनओसी'...




**मुंबई :** सड़कों की अवस्था सुधारने के लिए मनपा प्रशासन दो चरणों में मुंबई की लगभग 1200 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का काम कर रही है। मनपा प्रशासन इन कामों को दो चरणों में कर रही है। पहले चरण का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दूसरे चरण के 504 सड़कों का कंक्रीटिंग कार्य को 'एनओसी' ट्रेफिक पुलिस ने दे दी है। जिससे अब दुसरे चरण के काम को पूरा करने में गति आएगी और मुंबई की लगभग सौ प्रतिशत सड़क सीमेंट कंक्रीट हो जाएगी।

मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सड़क का सीमेंट कंक्रीट करने के लिए एनओसी मिलने के बाद अब तुरंत काम शुरू जा सकेगा। इन कामों में तेजी लाने के लिए मनपा अधिकारियो ने हाल ही में ट्रैफिक पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की थी। मुंबई में कुल 2 हजार 50 किलोमीटर लंबी सड़कें हैं और उनमें से 50 फीसदी से ज्यादा यानी 1 हजार 200 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें सीमेंट कंक्रीटिंग से पूरी हो चुकी हैं। बकाया सको का काम दो चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। पहले चरण में 392 किमी और दूसरे चरण में 309 किमी, कुल 701 किमी सड़कें सीमेंट कंक्रीट की जा रही है। इसमें शहर, पश्चिमी और पूर्वी उपनगर शामिल हैं। सीमेंट कंक्रीट सड़क बनाने के लिए सड़क खोदने से लेकर सड़क यातायात पूरा होने तक आमतौर पर 30 से 45 दिन का समय लगता है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोप में व्यक्ति को सात साल कैद की सजा...




**मुंबई:** सत्र न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को सात साल कैद की सजा सुनाई है। हालांकि, न्यायालय ने 36 वर्षीय प्रसाद रंजन शेनॉय को हत्या के आरोप से बरी कर दिया। 15 मई, 2019 को शेनॉय ने शिवाजी पार्क में एक अंडा विक्रेता पर 100 रुपये उधार देने से इनकार करने पर फ्राइंग पैन से हमला किया था। पीड़ित राजू पोल की चार महीने बाद 27 अगस्त को मौत हो गई और पुलिस ने शेनॉय पर हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया। बचाव पक्ष ने दावा किया कि चिकित्सा लापरवाही के कारण पोल की मौत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

न्यायालय ने व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाने से इनकार करते हुए कहा: ''अगर हत्या करने का इरादा होता, तो आरोपी किसी हथियार से लैस होता। आरोपी ने चोट पहुंचाने के लिए पीड़ित के सिर यानी महत्वपूर्ण हिस्से को चुना है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि अभियुक्त का कृत्य गैर इरादतन हत्या है, क्योंकि उक्त कृत्य इस ज्ञान के साथ किया गया था कि इससे मृत्यु होने की संभावना है, लेकिन उसकी मृत्यु करने की कोई मंशा नहीं थी।''

# कुर्ला में 19 वर्षीय व्यक्ति ने गर्लफ्रेंड के बेटे की पीट-पीटकर कर दी हत्या !

**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. इलाके में एक 19 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका के 4 साल के बेटे की हत्या कर दी, क्योंकि बच्चे ने गलती से उसकी पैंट पर पेशाब कर दिया था. मुंबई के नेहरू नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान रितेश कुमार अजय चंद्रवंशी के रूप में हुई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजय अपनी अपनी 23 वर्षीय प्रेमिका के साथ कुर्ला ईस्ट के सबले नगर के पात्रा चॉल में रह रहा था.

रितेश की प्रेमिका अपने पति से अलग हो गई थी. आरोपी युवक की प्रेमिका के दो बच्चे हैं, जिसमें एक 6 वर्षीय बेटी और एक 4 वर्षीय बेटा है. आरोपी रितेश और महिला की पहचान और नजदीकियां पटना में शुरू हुआ. महिला पटना में अपने बच्चों के साथ अकेले रहती थी।




पुलिस ने बताया कि पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई, फिर दोस्ती धीरे धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद महिला अपने बच्चों और रितेश के साथ मुंबई रहने चली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला 26 अक्टूबर को जब अपने बच्चों को रितेश के पास छोड़कर काम पर चली गई तो बच्चे ने आरोपी के पैट पर पेशाब कर गीली कर दी। बच्चे की इस हरकत से रितेश नाराज हो गया। उसने बुरी तरह पीटा और उसके पेट पर लात मारी। ऐसे में जब महिला वापस घर लौटी तो बच्चे ने बेटे ने उसे रोते हुए मारपीट और पेट दर्द के बारे में बताया।

# नवाब मलिक की उम्मीदवारी पर महायुति में फूट!

## भाजपा बोली हम उन्हें हराने के लिए लड़ेंगे...



**महाराष्ट्र :** अजित पवार की पार्टी एनसीपी ने नवाब मलिक को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, जिसके बाद महायुति में फूट पड़ गई है। भाजपा ने अजित पवार गुट के नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी की तीखी आलोचना की है। भाजपा ने कहा कि वो नवाब का समर्थन नहीं करने वाली है।

**अजित पवार ने दिया टिकट**

अजित पवार की एनसीपी ने नवाब मलिक को महाराष्ट्र चुनाव में मानखुर्द शिवाजी नगर सीट के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। अजित पवार ने अंतिम समय में टिकट देने पर पत्ते खोले हैं। डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके साथियों से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मलिक ने दो नामांकन दाखिल किए थे। इनमें से एक नामांकन एनसीपी के सदस्य के रूप में और दूसरा निर्दलीय के रूप में था। लेकिन एनसीपी के समर्थन के बाद उन्होंने खुद को आधिकारिक उम्मीदवार बताया।

**भाजपा बोली- हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे**

**पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने कहा,**

हालांकि, भाजपा ने संदेह का लाभ मलिक की बेटी सना मलिक को दिया है, जो अणुशक्ति नगर सीट से एनसीपी की आधिकारिक उम्मीदवार हैं, जहां उनके पिता नवाब मलिक मौजूदा विधायक हैं। सना को भाजपा ने भी समर्थन देने की बात कही है।

**'बुलेट पाटिल' का समर्थन करेगी भाजपा**

दूसरी ओर भाजपा के किरीट सोमैया ने अजित पवार की पार्टी और नवाब मलिक पर खुलकर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम किसी हालत में नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा शिवसेना (शिंदे गुट) के सुरेश कृष्ण पाटिल (जिन्हें 'बुलेट पाटिल' के नाम से जाना जाता है) ही हमारे आधिकारिक उम्मीदवार हैं। हम वोट जिहाद, आतंकवाद का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को हराने के लिए लड़ेंगे।

# 12.67 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी !

## एसबीआई के अधिकारी के खिलाफ जांच शुरू




**मुंबई:** सीबीआई ने पुणे की एक कंपनी, उसके साझेदारों और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक अधिकारी के खिलाफ बैंक को 12.67 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के लिए जांच शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, पुणे के प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक सतीश कुमार ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि रियल एस्टेट कंपनी और उसके साझेदारों ने एसबीआई पुणे के एक रिलेशनशिप मैनेजर के साथ आपराधिक साजिश रची और 25 करोड़ रुपये का टर्म लोन लेकर एसबीआई को 12.67 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि फर्म को पुणे के हिंजेवाड़ी में एक आवासीय परियोजना के निर्माण के लिए टर्म लोन मंजूर किया गया था। अधिकारी ने कहा, ''रिलेशनशिप मैनेजर ने बिना उचित मंजूरी के उधारकर्ता फर्म को 14.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की।

## जालसाजों ने 67 वर्षीय महिला को 14 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किया




**मुंबई:** पुलिस ने बताया कि मुंबई की 67 वर्षीय एक महिला को ऑनलाइन जालसाजों ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' के तहत रखा है, जिन्होंने उसे एक गैर-मौजूद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपना नाम साफ करने के बदले में 14 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किया। साइबर सुरक्षा एजेंसी की सलाह के अनुसार, डिजिटल गिरफ्तारी वह है जिसमें पीड़ितों को एक फोन कॉल, एक ई-मेल या एक संदेश प्राप्त होता है, जिसमें दावा किया जाता है कि वे पहचान की चोरी या मनी लॉन्ड्रिंग जैसी अवैध गतिविधियों के लिए जांच के दायरे में हैं। ''घोटाला करने वाला पीड़ित को तुरंत कार्रवाई न करने पर गिरफ्तारी या कानूनी परिणामों की धमकी देता है।

# ईडी ने " फेयरप्ले " के मामले में मुंबई और कच्छ...

## गुजरात में आठ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया




**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने '' फेयरप्ले '' के मामले में चल रही जांच के तहत मुंबई और कच्छ, गुजरात में आठ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है, जो क्रिकेट /आईपीएल मैचों के अवैध प्रसारण और विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल था। एजेंसी की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान, 4 करोड़ रुपये (लगभग) की नकदी, बैंक फंड और चांदी की छड़ें जैसी चल संपत्तियां जब्त की गईं, साथ ही कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ईडी ने वायाकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नोडल साइबर पुलिस, मुंबई में फेयरप्ले स्पोर्ट्स एलएलसी और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की विभिन्न धाराओं के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के लिए दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी की जांच में पता चला है कि कृष लक्ष्मीचंद शाह ( फेयरप्ले के पीछे का प्रमुख व्यक्ति ) ने फेयरप्ले के संचालन के लिए कुराकाओ में प्ले वेंचर्स एनवी और डच एंटीलीज मैनेजमेंट एनवी, फेयर प्ले स्पोर्ट एलएलसी, दुबई में फेयरप्ले मैनेजमेंट डीएमसीसी और माल्टा में प्ले वेंचर्स होल्डिंग लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों को पंजीकृत किया है । ईडी की जांच में पता चला है कि फेयरप्ले का संचालन दुबई से किया जा रहा है। फेयरप्ले को तकनीकी और वित्तीय प्रबंधन सहायता सेवाएं प्रदान करने वाले व्यक्तियों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

## राज्य परिवहन की दो बसों के आपस में टकरा जाने से दो लोगों की मौत !

**पुणे :** महाराष्ट्र में पुणे-सोलापुर राजमार्ग पर राज्य परिवहन की दो बसों के आपस में टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सोमवार की शाम करीब पांच बजे पुणे जिले के वरवंद गांव के पास हुई। बसों की टक्कर में दो लोगों की मौत, 64 घायल पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि पुणे जा रही महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस सोलापुर की ओर जा रही एक बस से टकरा गई।

# मुंबई: दो अलग-अलग मामलों में लगभग 1.39 करोड़ रुपये मूल्य का 1.915 किलोग्राम सोना जब्त !



**मुंबई:** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ( सीएसएमआई ) में एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने दो अलग-अलग मामलों में लगभग 1.39 करोड़ रुपये मूल्य का 1.915 किलोग्राम सोना जब्त किया, साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, अधिकारियों ने मंगलवार को कहा। सीएसएमआई , मुंबई में एआईयू अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्रियों और हवाई अड्डे के कर्मचारियों की भागीदारी वाले एक तस्करी अभियान का सफलतापूर्वक पदार्फाश किया। अधिकारियों ने सोने की तस्करी के संदिग्ध ट्रांजिट यात्रियों की सावधानीपूर्वक निगरानी की, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र में कर्मचारियों के सदस्यों को प्रतिबंधित सामान सौंप रहे थे। ऑपरेशन के दौरान, अधिकारियों ने एक यात्री द्वारा अपने कपड़ों के भीतर छुपाए गए सोने और 24KT सोने की धूल को सौंपने के बाद एक संविदा कर्मचारी को रोका।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com